पत्र सूचना शाखा

**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

## मुख्यमंत्री ने 'रन फॉर यूनिटी' एकता दौड़ का फ्लैग ऑफ कर शुभारम्भ किया

## सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया

## सरदार पटेल ने कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अत्यन्त सहजता के साथ देश की 563 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाकर अखण्ड भारत के निर्माण में अपना योगदान दिया : मुख्यमंत्री

## राष्ट्रीय एकता के सूत्र में बांधने वाली रन फॉर यूनिटी दौड़ के माध्यम से भारत के युवाओं के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार हो रहा

## प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरदार पटेल की स्मृतियों को जीवन्त बनाने के लिए केवड़िया, गुजरात में उनकी दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा स्थापित की गयी

## जब देश के प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रभक्ति का भाव प्रबल रूप में होता, तो राष्ट्र अखण्डता के सूत्र में बंध कर अपनी एकता को सुदृढ़ बनाए रखता

## राज्यपाल जी के नेतृत्व में हम लोग 12 नवम्बर को केवड़िया जाकर लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे

## उ0प्र0 का सांस्कृतिक दल केवड़िया जा रहा, वहां उ0प्र0 के हस्तशिल्पियों और कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा

**लखनऊ : 31 अक्टूबर, 2025**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि आज पूरा देश अखण्ड भारत के शिल्पी लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर भारत के लिए उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए उनकी स्मृतियों को नमन कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2014 में प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उनकी जयन्ती को मनाने का निर्णय लिया था। इस वर्ष सरदार पटेल की 150वीं जयन्ती के अवसर पर सरदार@150 यूनिटी मार्च का राष्ट्रव्यापी आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय एकता के सूत्र में बांधने वाली रन फॉर यूनिटी दौड़ के माध्यम से भारत के युवाओं के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार हो रहा है।

मुख्यमंत्री जी आज यहां जी0पी0ओ0 स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर

उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने एक भारत–आत्मनिर्भर भारत को समर्पित 'रन फॉर यूनिटी' एकता दौड़ का फ्लैग ऑफ कर शुभारम्भ तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज प्रदेश के सभी जनपदों में युवा और समाज के प्रत्येक तबके के लोग 'रन फॉर यूनिटी' में भाग लेकर राष्ट्रीय अखण्डता को सुदृढ़ बनाने का कार्य कर रहे हैं। हमारी प्राचीन परम्परा में वर्णित है कि 'शिवो भूत्वा शिवं यजेत्' अर्थात् शिव बनकर शिव की पूजा करो। हम जिसको सम्मान दे रहे हैं, उसके अनुरूप बने। जिसकी पूजा कर रहे हैं, उसके अनुरूप स्वयं को तैयार करें। यही सच्ची श्रद्धांजलि है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृतियों को जीवन्त बनाने के लिए केवड़िया, गुजरात में उनकी दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमा स्थापित की गयी है। आज यह प्रतिमा राष्ट्रीय प्रेरणा स्थली के रूप में देशवासियों को नई प्रेरणा प्रदान कर रही है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उनका जन्म एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। देश की आजादी के आंदोलन में उन्होंने बढ़–चढ़कर नेतृत्व प्रदान किया था। देश की आजादी के पश्चात ब्रिटिशर्स की साजिश भारत को अनेक टुकड़ों में विभाजित करने की थी। उन्होंने देशी रियासतों को स्वतंत्रता दी थी कि वह चाहें तो भारत अथवा पाकिस्तान में अपना विलय कर सकती हैं, अथवा अपना स्वतन्त्र अस्तित्व बनाए रख सकती हैं। हैदराबाद और जूनागढ़ के निजाम और नवाब द्वारा भारत में सम्मिलित होने में आनाकानी की जा रही थी। सरदार पटेल ने उन्हें समझाते हुए कहा कि भारत की अखण्डता के साथ कोई खिलवाड़ स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जब देश के प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रभक्ति का भाव प्रबल रूप में होता है, तो राष्ट्र अखण्डता के सूत्र में बंध कर अपनी एकता को सुदृढ़ बनाए रखता है। सरदार पटेल ने कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अत्यन्त सहजता के साथ देश की 563 रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाकर अखण्ड भारत के निर्माण में अपना योगदान दिया। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में भारत के संविधान की धारा 370 को समाप्त कर जम्मू–कश्मीर को अखण्ड भारत का हिस्सा बनाया गया।

उत्तर प्रदेश का सांस्कृतिक दल केवड़िया जा रहा है। प्रदेश में हस्तशिल्पियों और कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में 'वोकल फॉर लोकल' स्वदेशी अभियान को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। केवड़िया में प्रदेश के हस्तशिल्पियों और कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल जी के नेतृत्व में हम लोग 12 नवम्बर को केवड़िया जाकर लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, विधान परिषद सदस्य श्री भूपेंद्र सिंह, लखनऊ की महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

\-\-\-\-\-\-\-\-

***PN-CM-Run for Unity-31 October, 2025***